कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 31-01-2025

विषयः- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों के लिए किया गया विदाई समारोह का आयोजन, दी गयी भावभीनी विदाई।

आज दिनांक 31.01.2025 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा कैम्प कार्यालय स्थित सभागार मे अधिवार्षिता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियो को विदाई समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गयी। पुलिस आयुक्त द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियो को पुष्पमालिका, अंगवस्त्रम व गीता ग्रन्थ व उपहार देकर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह के दौरान अपने सम्बोधन में सेवा निवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए अपेक्षा की गयी कि भविष्य में भी पुलिस को उनके अनुभवों का लाभ व मार्गदर्शन मिलता रहेगा। इस दौरान अपर पुलिस उपायुक्त श्रीमती श्रुति श्रीवास्तव, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

क्र0सं0	सेवानिवृत्त होने वाली पुलिसकर्मी	नियुक्ति
1	उ0नि0 रेडियो प्रमोद कुमार पाठक	रेडियो शाखा
2	उ0नि0 राजाराम प्रसाद	यातायात लाइन्स
3	फालोवर सुनैना देवी	पुलिस लाइन्स
4	फालोवर जयराम यादव	पुलिस लाइन्स

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।